## फार्म एफ–1
## ((नियम 3 (1)))
## वृहद आर्थिक ढांचा संबंधी विवरण

### अर्थव्यवस्था का विहंगावलोकन

1. राज्य के सकल घरेलू उत्पाद स्थिर भाव (वर्ष 2011–12) बाजार मूल्य पर वर्ष 2019–20 के रू. 2,49,875 करोड़ की तुलना में वर्ष 2020–21 में रू. 2,45,452 करोड़ अनुमानित है। कृषि एवं संबंधित (कृषि, पशुपालन, वन एवं मत्स्य पालन सम्मिलित) क्षेत्र में वर्ष 2020–21 में सकल राज्य मूल्य संवर्द्धन (GSVA), पिछले वर्ष 2019–20 के रू. 38,031 करोड़ से बढ़कर रू. 39,783 करोड़ अनुमानित है। उद्योग क्षेत्र (निर्माण, विनिर्माण, खनन एवं उत्खनन, विद्युत, गैस तथा जल आपूर्ति सम्मिलित) में सकल राज्य मूल्य संवर्द्धन, वर्ष 2019–20 में रू. 1,10,580 करोड़ की तुलना में वर्ष 2020–21 में रू. 1,04,737 करोड़ आंकलित की गई है। सकल राज्य मूल्य संवर्द्धन सेवा क्षेत्र में निरंतर वृद्धि परिलक्षित हो रही है, वर्ष 2019–20 में रू. 80,466 करोड़ से बढ़कर वर्ष 2020–21 में रू. 81,066 करोड़ अनुमानित है।

### राज्य के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर स्थिर भावों (वर्ष 2011–12) पर

2. वर्ष 2019–20 में राज्य के सकल घरेलू उत्पाद (बाजार मूल्य) में वर्ष 2018–19 की तुलना में 5.12 प्रतिशत वृद्धि परिलक्षित हुई है। सकल राज्य मूल्य संवर्द्धन के कृषि क्षेत्र (कृषि, पशुपालन, वन एवं मत्स्य पालन सम्मिलित) में 3.67 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उद्योग क्षेत्र (निर्माण, विनिर्माण, खनन एवं उत्खनन, विद्युत, गैस तथा जल आपूर्ति सम्मिलित) में वर्ष 2018–19 की तुलना में वर्ष 2019–20 में 3.43 प्रतिशत वृद्धि परिलक्षित हुई, तथा सेवा क्षेत्र में यह वृद्धि वर्ष 2019–20 में 7.71 प्रतिशत अनुमानित है।

### राज्य का वित्त

**3.** राज्य गठन के पश्चात् प्रारंभिक वर्षो में राजस्व संग्रहण लक्ष्य के अनुरूप नहीं होने तथा नये राज्य के स्थापना संबंधी व्ययों के अधिक होने के कारण राज्य वर्ष 2003–04 तक राजस्व घाटे की स्थिति में रहा । राजस्व घाटा का प्रभाव राज्य के वित्तीय घाटे में पड़ता है, इस कारण राज्य के वित्तीय घाटे में उक्त अवधि में वृद्धि हुई ।

**4.** 01 नवंबर 2000 को राज्य की स्थापना के बाद वर्ष 2004–05 से लगातार राजस्व अधिशेष की स्थिति रही है । वर्ष 2013–14 एवं 2014–15 में राजस्व व्यय में अधिक वृद्धि होने तथा राज्य की राजस्व प्राप्तियों में कमी होने के कारण राजस्व घाटे की स्थिति बनी। वर्ष 2015–16 से 2018–19 तक पुनः राजस्व अधिशेष रहा, किन्तु 2019–20 में राजस्व घाटे की स्थिति निर्मित हुई, जो चालू वर्ष एवं आगामी वर्ष में भी अनुमानित है।

**सम्भावनाएं**

5. **सकल राज्य घरेलू उत्पाद (बाजार मूल्य) में गत वर्ष 2019–20 की तुलना में वर्ष 2020–21 के अग्रिम अनुमान अनुसार 1.77 प्रतिशत कमी होने की संभावना है।** वर्ष 2020–21 के अग्रिम अनुमानों में **कृषि एवं संबंधित क्षेत्र** (कृषि, पशुपालन, वन एवं मत्स्य पालन सम्मिलित) में स्थिर भावों (वर्ष 2011–12) पर सकल राज्य मूल्य संवर्द्धन वर्ष 2019–20 की तुलना में **4.61 प्रतिशत वृद्धि** की सम्भावना है। इसी प्रकार **उद्योग क्षेत्र** (निर्माण, विनिर्माण, खनन एवं उत्खनन, विद्युत, गैस तथा जल आपूर्ति सम्मिलित) में वर्ष 2020–212 में **5.28 प्रतिशत की कमी** संभावित है। **सेवा क्षेत्र** में गतवर्ष की तुलना में **0.75 प्रतिशत की वृद्धि** सम्भावित है।

6. **वर्ष 2020–21 में प्रति व्यक्ति आय रू. 1,04,943 अनुमानित है**, जिसमें पिछले वर्ष 2019–20 के रू. 1,05,089 की तुलना में 0.14 प्रतिशत कमी संभावित है।

## फार्म एफ–1 (निरंतर)

## वृहद आर्थिक रूपरेखा विवरण

## आर्थिक कार्य निष्पादन : एक दृष्टि

### सारणी 1: चुनिंदा व्यापक आर्थिक और राजकोषीय संकेतकों की प्रवृत्ति

| | निरपेक्ष मूल्य ( ₹ करोड़ में) | | | | प्रतिशत परिवर्तन | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2017-18 | 2018-19(P) | 2019-20(Q) | 2020-21(A) | 2019-20(Q) | 2020-21(A) |
| **वास्तविक क्षेत्र** | | | | | | |
| 1. बाजार मूल्य पर सकल घरेलू उत्पाद | | | | | | |
| (क) प्रचलित भावों पर | 282283 | 318101 | 344955 | 350270 | 8.44 | 1.54 |
| (ख) स्थिर भावों पर 2011–12 के मूल्य पर | 220136 | 237695 | 249875 | 245452 | 5.12 | -1.77 |
| 2. कृषि क्षेत्र | 33415 | 36684 | 38031 | 39783 | 3.67 | 4.61 |
| 3. उद्योग क्षेत्र | 97724 | 106911 | 110580 | 104737 | 3.43 | -5.28 |
| 4. सेवा क्षेत्र | 68966 | 74705 | 80466 | 81066 | 7.71 | 0.75 |
| P=Provisional, Q=Quick, A=Advance | | | | | | |
| | **2019-20** (लेखा) | **2020-21** (बजट अनुमान) | **2020-21** (पुनरीक्षित अनुमान) | **2021-22** (बजट अनुमान) | प्रतिशत परिवर्तन 2020–21 | प्रतिशत परिवर्तन 2021–22 |
| **सरकार की वित्तीय स्थिति** | | | | | | |
| **1. राजस्व प्राप्तियां (2+3)** | **63868.70** | **83831.30** | **68343.61** | **79325.42** | **7.01** | **-5.37** |
| **2. कर राजस्व (2.1+2.2 )** | **42323.69** | **52958.30** | **41348.61** | **48425.42** | **-2.30** | **-8.56** |
| 2.1 राज्य के स्वयं के कर राजस्व | 22117.85 | 26155.00 | 22550.00 | 25750.00 | 1.95 | -1.55 |
| 2.2 केन्द्रीय करों में राज्यों का अंश | 20205.84 | 26803.30 | 18798.61 | 22675.42 | -6.96 | -15.40 |
| **3. करेतर राजस्व (3.1+3.2 )** | **21545.01** | **30873.00** | **26995.00** | **30900.00** | **25.30** | **0.09** |
| 3.1 राज्य के करेतर राजस्व | 7933.77 | 9215.00 | 8495.00 | 9250.00 | 7.07 | 0.38 |
| 3.2 केन्द्र के अंतरण | 13611.24 | 21658.00 | 18500.00 | 21650.00 | 35.92 | -0.04 |
| **4. पूंजीगत प्राप्तियां (5+6+7)** | **16810.53** | **12259.99** | **22277.89** | **17820.01** | **32.52** | **45.35** |
| 5. ऋणों की वसूली | 256.91 | 300.00 | 300.00 | 320.00 | 16.77 | **6.67** |
| 6. अन्य प्राप्तियां | 4.70 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | -100.00 | - |
| 7. उधार और अन्य देनदारियां | 16548.92 | 11959.99 | 21977.89 | 17500.01 | 32.81 | 46.32 |
| **8. कुल प्राप्तियां (1+4)** | **80679.23** | **96091.29** | **90621.50** | **97145.43** | **12.32** | **1.10** |
| **9. कुल व्यय (10+11+12)** | **82099.86** | **95649.71** | **91481.97** | **97106.45** | **11.43** | 1.52 |
| 10. राजस्व व्यय | 73477.31 | 81399.95 | 80647.36 | 83027.55 | 9.76 | 2.00 |
| 11. पूंजीगत व्यय | 8566.39 | 13814.11 | 10680.51 | 13839.35 | 24.68 | 0.18 |
| 12. ऋण एवे अगिम | 56.16 | 435.65 | 154.10 | 239.55 | | |
| 13. ब्याज भुगतान (राजस्व व्यय में शामिल) | 4970.34 | 5840.79 | 6241.07 | 6470.83 | 25.57 | 10.79 |
| **14. राजस्व घाटा (10-1)** | **9608.61** | **-2431.35** | **12303.75** | **3702.13** | **28.05** | **-252.27** |
| **15. राजकोषीय घाटा [9-(1+5+6)]** | **17969.55** | **11518.41** | **22838.36** | **17461.03** | **27.09** | **51.59** |
| **16. प्रारंभिक घाटा (15-13)** | **12999.21** | **5677.62** | **16597.29** | **10990.20** | **27.68** | **93.57** |